-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 07.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **यातायात जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में खुरहण्ड़ क्षेत्र में निकाली गई यातायात जागरुकता रैली । यातायात पुलिस द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु किया गया जागरुक ।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह के नेतृत्व में जनपद में होने वाली दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने तथा यातायात नियमों के प्रति आम-जनमानस को जागरुक करने हेतु आज दिनांक 07.04.2026 को यातायात पुलिस द्वारा जनता इण्टर कॉलेज के छात्र/छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक किया गया साथ ही जनता इण्टर कॉलेज,खुरहण्ड़ से खुरहण्ड़ चौराहे यातायात के प्रति जागरुकता अभियान के तहत रैली भी निकाली गई । इसी क्रम में खुरहण्ड चौराहे पर छात्र/छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनमानस को दोपहिया/चारपहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रुप से हेलमेट, सीटबेल्ट, शराब पीकर, वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करना व तीव्र गति से वाहन न चलाने आदि के प्रति जागरुक किया गया । साथ ही अपने-अपने परिवार व आस-पास के लोगों को भी जागरुक करने के लिये प्रेरित किया गया सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये नियमों का पालन करना अति आवश्यक है । प्रत्येक व्यक्ति को नियमों का पालन करते हुए दुर्घटना में कमी लाने का प्रयास करना चाहिए । अभियान के दौरान यातायात प्रभारी श्री संजय मिश्रा, स्कूल के प्रधानाचार्य, शिक्षक/शिक्षिका, मण्डलीय मास्टर ट्रेनर सड़क सुरक्षा चित्रकूटधाम मण्डल श्री पीयूष मिश्र व खुरहण्ड़ चौकी प्रभारी श्री विवेक कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे ।